Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan

अध्याय - 6 | मंगलेश डबराल (संगतकार)

QUIZ-01

1. **मुख्य गायक की कैसी आवाज को बल देकर संगतकार सहयोग देते हैं?**

A. कर्कश B. मधुर

C. टूटती-बिखरती D. इनमें से कोई नहीं (C)

व्याख्या: संगतकार टूटती-बिखरती आवाज में भी मुख्य गायक का साथ देकर उसका उत्साह बढ़ाता है।

2. **संगतकार किन क्षेत्रों में पाए जा सकते हैं?**

A. राजनीति के क्षेत्र में B. संगीत के क्षेत्र में

C. नाटक के क्षेत्र में D. उपरोक्त सभी (D)

व्याख्या: कविता में बताया गया है कि संगतकार सिर्फ संगीत तक सीमित नहीं होते, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी होते हैं।

3. **'सरगम' शब्द का क्या अर्थ है?**

A. वाद्य यंत्र B. दुख

C. उपरोक्त में से कोई नहीं D. संगीत के सात स्वर (D)

व्याख्या: सरगम का अर्थ है संगीत के सात स्वर – सा, रे, गा, मा, पा, धा, नि।

4. **मुख्य गायक को धीरज बँधाने का काम प्रायः कौन करता है?**

A. संगतकार B. उसकी माँ

C. श्रोता D. इनमें से कोई नहीं (A)

व्याख्या: जब मुख्य गायक असहज होता है, तो संगतकार उसके स्वर को संभालता है और उसे धीरज देता है।

5. **'जटिल' शब्द का अर्थ है?**

A. जटा B. कठिन

C. कठोर D. उपरोक्त में से कोई नहीं (B)

व्याख्या: 'जटिल' का अर्थ होता है कठिन या उलझा हुआ।

6. **'मंगलेश डबराल' का जन्म कब हुआ था?**

A. 1900 B. 1948

C. 1850 D. उपरोक्त में से कोई नहीं (B)

व्याख्या: मंगलेश डबराल का जन्म 1948 में हुआ था।

7. **कवि संगतकार द्वारा अपने स्वर को मुख्य गायक के स्वर से कम रखने को क्या मानता है?**

A. मनुष्यता B. ईमानदारी

C. चालाकी D. समझदारी (A)

व्याख्या: कवि इसे मनुष्यता की भावना से जोड़ता है, क्योंकि यह सहयोग और विनम्रता का प्रतीक है।

8. **किसकी आवाज में हिचक सुनाई देती है?**

A. संगतकार के B. अभिनेता के

C. मुख्य गायक के D. इनमें से कोई नहीं (A)

व्याख्या: हिचक संगतकार की आवाज़ में रहती है,कहीं उसकी आवाज़ मुख्य गायक से ऊपर ना हो जाये।

9. **संगतकार मुख्य गायक का साथ क्यों देता है?**

A. उसकी गायन-शक्ति बढ़ाने के लिए

B. उससे सीखने के लिए

C. इनमें से कोई नहीं

D. उससे आगे बढ़ने के लिए (A)

व्याख्या: संगतकार का उद्देश्य मुख्य गायक को सहयोग देना और उसकी प्रस्तुति को प्रभावी बनाना है।

10. **'संगतकार' नामक कविता के कवि कौन हैं?**

A. सुमित्रानंदन पंत B. जयशंकर प्रसाद

C. मंगलेश डबराल

D. उपरोक्त में से कोई नहीं (C)

व्याख्या: 'संगतकार' कविता के रचनाकार मंगलेश डबराल हैं, जो समकालीन हिंदी कविता के प्रमुख कवि हैं।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App